नाम मेरी राधा रानी का जिस जिस ने गाया है

नाम मेरी राधा रानी का, जिस जिस ने गाया है, बांके बिहारी ने, उसे अपना बनाया है। जय राधे जय राधे, जय श्री कृष्ण बोलो, जय राधे।।

नाम मेरी राधा रानी का, सदा देता सहारा है, तू भी एक बार जपले, ये नाम बड़ा प्यारा है, जय राधे जय राधे, जय श्री कृष्ण बोलो, जय राधे।।

राधा राधा नाम वाली, फेरी जिसने माला है, उस पे रीझ गया, मेरा मुरली वाला है, जय राधे जय राधे, जय श्री कृष्ण बोलो, जय राधे।।

राधा राधा नाम का तो, हुआ पागल जमाना है, प्यारा तीनों लोको से, श्री जी का बरसाना है, जय राधे जय राधे, जय श्री कृष्ण बोलो, जय राधे।।

राधा राधा नाम वाली, चढ़ गई हमें मस्ती है, 'चित्र विचित्र' पे कृपा, राधा रानी पे बरसती है, जय राधे जय राधे, जय श्री कृष्ण बोलो, जय राधे।।

नाम मेरी राधा रानी का, जिस जिस ने गाया है, बांके बिहारी ने, उसे अपना बनाया है। जय राधे जय राधे, जय श्री कृष्ण बोलो, जय राधे।।